स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 23.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लोक सुराज अभियान अंतर्गत लगाये जा रहे लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन जोन 04 शिवाजी नगर के अण्डा चौक सामुदायिक भवन प्रांगण में वार्ड 30,31,33 व 34 के निवासियों के लिए किया गया। जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत् नागरिकों द्वारा किये गये आवेदन का सीधा लाभ प्रमाण–पत्र, नियुक्ति पत्र, राशन कार्ड, एलईडी बल्ब, पेंशन, एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर दिया गया।

प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाये गये शिविर में सभापति पी0श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, मौजुद रहकर लोगों की समस्या का स्थल पर ही निराकरण करते रहे। निगम आयुक्त श्री चौहान शिविर के प्रारम्भ में शिविर स्थल पर पहुंचकर सभी काउंटरों का अवलोकन कर लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली एवं प्रत्येक काउंटर का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये। शिविर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत लाईफ सिक्योर वेलफेयर सोसायटी खुर्सीपार द्वारा कौशल प्राप्त 04 युवकों को प्लेसमेंट के तहत् प्राप्त नौकरी की नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । 02 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, 05 पात्र हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण–पत्र, बीपीएल परिवार के 09 हितग्राहियों को एलईडी बल्ब तथा 01 हितग्राही को श्रमिक प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य परीक्षण काउंटर में अब तक 328 नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया है। आज की शिविर में 20 लोगों ने बीपी एवं सुगर के जांच करवाये। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् 296 लोगों को फॉर्म प्रदान किया गया तथा दस्तावेज के साथ 4 हितग्राहियों ने बीमा के फॉर्म जमा किया।

कौशल विकास योजना के तहत् प्रशिक्षण प्राप्त कर प्लेसमेंट के माध्यम से निजी संस्था में नौकरी प्राप्त करने वाले लेखुराम साहू ने शिविर स्थल पर अपना अनुभव युवाओं के बीच साझा करते हुए कहा कि मेरा अध्यापन कार्य पूर्ण होने के बाद मैं बेरोजगारी की जिंदगी जी रहा था शासन की महती योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत खुद के अंदर के कौशल को विकसित करने का अवसर मिला और आज लक्ष्य समाधान शिविर में मुझे नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। जिससे मेरे साथ–साथ मेरे परिवार के लोग खुश हैं। मैं बेरोजगार युवाओं से कहूंगा कि वे अपने अंदर के कौशल को निखारकर अपनी बेरोजगारी दुर करें। शिविर में आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण

अभियंता सत्येन्द्र सिंह, जोन आयुक्त संजय शर्मा, अखिलेश चन्द्राकर, एस0पी0 साहू, बसंत साहू, जयंत शर्मा, मूर्ति शर्मा, शरद दुबे, अजय शुक्ला, रामायण सिंह, महेश मिश्रा, पवन मिश्रा, सहित तहसील कार्यालय दुर्ग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क विभाग